संख्या-173/2023/1014/41-2023-01(बजट)/2023 टी0सी0

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ:: दिनांक 13 मार्च, 2023

विषय:-जनपद अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कुण्डों एवं जनपद अमेठी के जायस में स्थित बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली के पर्यटन विकास की परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों को कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक पर्यटन निदेशालय के पत्र संख्या-8707/6-1-1(1596)/2022-23, दिनांक 16.02.2023 एवं पत्र संख्या-8179/6-1-1(1498)/2022-23, दिनांक 01.02.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से क्रमशः जनपद अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कुण्डों के पर्यटन विकास की परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों को कराये जाने हेतु मा0 मंत्रिपरिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्ताव एवं जनपद अमेठी के जायस में स्थित बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली के पर्यटन विकास की परियोजना की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन में उपलब्ध कराया गया है, जिसमें उच्च विशिष्टियां भी सम्मिलित हैं।

2- अवगत कराना है कि विविध पर्यटन आकर्षणों की दृष्टि से उत्तर प्रदेश भारत का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। भारत में घरेलू पर्यटकों एवं विदेशी पर्यटकों के आगमन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान है। अपनी गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक वन सम्पदा की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम सम्भावनायें विद्यमान हैं।

जनपद अयोध्या एक विश्व स्तरीय धार्मिक/आध्यात्मिक नगरी है। विश्व प्रसिद्ध अयोध्या को भगवान श्रीराम की जन्म भूमि एवं कर्म भूमि होने का गौरव प्राप्त है तथा प्रदेश का एक प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन स्थल है। प्रत्येक हिन्दू अपने जीवन में कम से कम एक बार अयोध्या आकर दर्शन पूजन की कामना रखता है। अयोध्या वैश्विक पर्यटन केन्द्र और विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनने की दृष्टि से यह शहर एक धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हुआ है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर और अन्य सांस्कृतिक विरासत स्थलों को देखने के लिए निकट भविष्य में लाखों आगन्तुकों के अयोध्या आने की सम्भावना है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

जनपद अयोध्या में प्रति वर्ष कई राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मेले, महोत्सवों का आयोजन किया जाता है। पर्यटन विभाग द्वारा भी विगत 06 वर्षो से दीपावली से एक दिन पूर्व अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या में आयोजित इन मेले महोत्सवों में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं/तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों का आगमन होता है। अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्म भूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही मंदिर का निर्माण पूर्ण होने की सम्भावना है। उक्त मंदिर के निर्माण के साथ-साथ अयोध्या को विश्व पटल पर एक उच्च श्रेणी का पर्यटन स्थल बनाये जाने की परियोजना का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। वर्तमान में अयोध्या में वर्ष 2021-22 में लगभग 01 करोड़ 50 लाख श्रद्धालुओं/तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों का आगमन हुआ है। भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं/तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों की संख्या एक वर्ष में दस गुना होने का अनुमान है।

जनपद अयोध्या नगरी में अवस्थित धार्मिक, पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों के अतिरिक्त अयोध्या नगर के तीन प्रमुख परिक्रमा मार्ग हैं यथा पंच कोसी, चौदह कोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा। यह परिक्रमा अयोध्या नगरी की परिक्रमा तो है ही साथ ही इन परिक्रमा मार्गों पर अनेक महत्वपूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक तथा पुरातात्विक पर्यटन स्थल भी विद्यमान हैं।

3- इसी प्रकार जनपद अमेठी के नगर पालिका परिषद जायस में स्थित बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली का पर्यटन विकास की प्रायोजना में मुख्य गेट काम्प्लेक्स, गेट, मुख्य झरोक्षा, झरोखा, झील के तरफ विकास, फूड कोर्ट काम्प्लेक्स, बैठक स्थल, सड़क एवं पार्किंग, उद्यानीकरण, विद्युत कार्य, लाइट एण्ड लेजर लाइट, रेड सैण्ड स्टोन क्लैडिंग, ग्रेनाइट स्टोन फ्लोरिंग एवं जनरेटर सेट आदि से संबंधित कार्यों को किये जाने से बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली पर श्रद्धालुओं/तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि होगी ।

4- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कुण्डों एवं जनपद अमेठी के जायस में स्थित बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली के पर्यटन विकास की परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों को कराये जाने के सम्बन्ध में मा0 मंत्रिपरिषद की बैठक **दिनांक 10.03.2023** में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं :-

(क) निम्नलिखित सारिणी में अंकित परियोजनाओं यथा क्रमांक-1, 2, 3, 4 व 5 के स्तम्भ-5 एवं 6 पर अंकित लागत व उच्च विशिष्टियों के कार्यों पर अनुमोदन प्रदान किया गया :-

क्र0	परियोजना का नाम	प्रायोजना की प्रस्तावित लागत	पी 0डी0ए0एफ0 द्वारा आंकलित लागत	आंकलित लागत में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों की प्रस्तावित लागत	उच्च विशिष्टियों में प्रस्तावित कार्य
1	2	3	4	5	6
1	जनपद अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर	2461.35	2168.08	157.65	सैंड स्टोन फ्लोरिंग-5028.24 स्क्वायर मीटर, ग्रेनाइट फ्लोरिंग-2527.02

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	स्थित पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकासनिर्माण / कार्य।				स्कायर मीटर, एक्स्ट्रा फार सैंड ब्लास्टिंग-1768.92 स्कायर मीटर, ग्रेनाइट कोबल स्टोन फ्लोरिंग-280.78 स्कायर मीटर, सैंड स्टोन कोबल स्टोन फ्लोरिंग-421.17 स्कायर मीटर, पेंटिंग ऑन वॉल-एक्रेलिक स्मूथ एक्सटीरियर -पेंट550 स्कायर मीटर तथा पेंटिंग ऑन वॉलटेक्स्चर्ड --एक्सटीरियर पेंट550 स्कायर मीटर।
2	जनपद अयोध्या में चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकासनिर्माण / कार्य।	2448.34	2124.53	174.89	सैंड स्टोन फ्लोरिंग-5793.86 स्कायर मीटर, ग्रेनाइट फ्लोरिंग-2761.07 स्कायर मीटर, एक्स्ट्रा फॉर सैंड ब्लास्टिंग-1932.75 स्कायर मीटर, ग्रेनाइट कोबल स्टोन फ्लोरिंग-306.79 स्कायर मीटर, सैंड स्टोन कोबल स्टोन फ्लोरिंग-460.18 स्कायर मीटर, पेंटिंग ऑन वॉल-एक्रेलिक स्मूथ एक्सटीरियर -पेंट500 स्कायर मीटर तथा पेंटिंग ऑन वॉल--टेक्स्चर्ड एक्सटीरियर पेंट 500 स्कायर मीटर।
3	जनपद अयोध्या में चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकासनिर्माण / कार्य ।	2404.44	2039.67	201. 41	सैंड स्टोन फ्लोरिंग-5803.38 स्कायर मीटर, ग्रेनाइट फ्लोरिंग-3399.33 स्कायर मीटर, एक्स्ट्रा फार सैंड ब्लास्टिंग-2379.53 स्कायर मीटर, ग्रेनाइट कोबल स्टोन फ्लोरिंग-377.70 स्कायर मीटर, सैंड स्टोन कोबल स्टोन फ्लोरिंग-566.55 स्कायर मीटर, पेंटिंग आन वाल-एक्रेलिक स्मूथ एक्सटीरियर -पेंट900 स्कायर मीटर तथा पेंटिंग ऑन वॉल--टेक्स्चर्ड एक्सटीरियर पेंट 900 स्कायर मीटर।
4	जनपद अयोध्या में चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थलों (कुण्डों) का पर्यटन	2497.47	2056.85	319.58	ग्रेनाइट फ्लोरिंग-9048.14 स्कायर मीटर, एक्स्ट्रा फार सैंड ब्लास्टिंग-6333.70 स्कायर मीटर, ग्रेनाइट कोबल स्टोन फ्लोरिंग-1005.35 स्कायर मीटर,

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	विकासनिर्माण / कार्य।				पेंटिंग आन वालएक्रेलिक - -स्मूथ एक्सटीरियर पेंट500 स्क्वायर मीटर तथा पेंटिंग ऑन वॉलटेक्स्चर्ड - एक्सटीरियर पेंट-500 स्क्वायर मीटर।
5	जनपद अमेठी के नगर पालिका परिषद जायस में स्थित बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली का पर्यटन विकास का कार्य।	2464.00	2140.90	154.58	सैंड स्टोन फार क्लैडिंग - 3213.स्क्वायर 75 मीटर, ग्रेनाइट स्टोन फ्लोरिंग- 125 0स्क्वायर मीटर।

(ख) प्रकरण में अग्रत्तर निर्णय लिये जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी को अधिकृत किया गया।

5- जनपद अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कुण्डों एवं जनपद अमेठी के जायस में स्थित बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली के पर्यटन विकास की परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों को कराये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित शर्त एवं प्रतिबन्ध का अनिवार्य रूप से अनुपालन किया जायेगा :-

(1) प्रचलित सुसंगत नियमों/विधिक नियमों के अधीन सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

6- अत: कृपया तदनुसार प्रकरण में उपर्युक्त निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में अग्रत्तर कार्यवाही सुनिश्चित कर शासन को तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0 प्र0।
3. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0 प्र0।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, पर्यटन विभाग, उ0 प्र0।
5. **अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,**
   वित्त विभाग/न्याय विभाग/ नियोजन विभाग/संस्कृति विभाग, उ0 प्र0 शासन।
6. मण्डलायुक्त, अयोध्या।
7. निदेशक, पर्यटन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

8. जिलाधिकारी, अयोध्या।
9. जिलाधिकारी, अमेठी।
10. उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या।
11. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
12. उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
13. उप निदेशक, पर्यटन, अयोध्या मण्डल।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रामेश्वर सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।